राहों में फूल बिछा दूंगी

राहों में फूल बिछा दूंगी, जब मैया मेरे घर आएंगी,
जब मैया मेरे घर आएंगी, जब मैया मेरे घर आएंगी,
राहों में फूल बिछा दूंगी, जब मैया मेरे घर आएंगी॥

शीश मैया के मुकुट विराजे,
टीके पर नग जड़वा दूंगी, जब मैया मेरे घर आएगी,
राहों में फूल बिछा दूंगी, जब मैया मेरे घर आएंगी॥

कान मैया के झुमके सोहे,
नथनी पर नग जड़वा दूंगी, जब मैया मेरे घर आएंगी,
राहों में फूल बिछा दूंगी, जब मैया मेरे घर आएंगी॥

गले मैया के हरवा सोहे,
कोलर पे नग जढ़वा दूंगी, जब मैया मेरे घर आएंगी,
राहों में फूल बिछा दूंगी, जब मैया मेरे घर आएंगी॥

हाथ मैया के चूड़ियां सोहे,
कंगन पे नग जड़वा दूंगी, जब मैया मेरे घर आएंगी,
राहों में फूल बिछा दूंगी, जब मैया मेरे घर आएंगी॥

पैर मैया के पायल सोहे,
बिछुआ पर नग जड़वा दूंगी, जब मैया मेरे घर आएंगी,
राहों में फूल बिछा दूंगी, जब मैया मेरे घर आएंगी॥

अंग मैया के साड़ी सोहे,
चुनरी पे नग जड़वा दूंगी, जब मैया मेरे घर आएंगी,
राहों में फूल बिछा दूंगी, जब मैया मेरे घर आएंगी॥

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24589/title/rahon-me-phool-bicha-dungi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |